तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा






## खबर संक्षेप

### शराब व बीयर जब्त कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने 2 जुलाई को इरपानार में छापामार कार्यवाही करते हुए 35 वर्षीय सचिन तरूवा पिता स्वप्न तरूवा के कब्जे से 12 नग अंग्रेजी शराब, 5 नग केन बीयर को जप्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि आरोपी अपने कब्जे में अवैध रूप से शराब रखा हुआ है और शराब को बेचने के फिराक में है। मिली जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस ने कार्यवाही कि। आरोपी के कब्जे से कुल 3 हजार 540 रूपएं के शराब को जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### घायल की अस्पताल में मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए सरोना थानांतर्गत ग्राम झुलनातेदु निवासी 40 वर्षीय रायसिंग मंडावी पिता परदेशी राम का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके कारण उसकी 2 जुलाई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## सड़क निर्माण में प्रयुक्त रेत की वैधता की विभाग कर रहा जाँच

# बीएसपी खदान क्षेत्र के सड़क निर्माण पर सवाल, रायल्टी दस्तावेज संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- रेत की वैधता व स्रोत पर हरिभूमि के सवाल, ठेकेदार का अमला नहीं दे पाया जवाब
- कार्यों के सबलेट प्रतिशत पर केसीसीएल ने साधा मौन

हरिभूमि फॉलोअप

भिलाई इस्पात संयंत्र के खदान क्षेत्र में जे-7 से जालटाप तक बन रही सड़क में उपयोग की जा रही रेत की वैधता पर सवाल उठने के बाद खनिज विभाग की जांच में ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत रॉयल्टी दस्तावेज संदेह के घेरे में आ गए हैं। विभाग प्रारंभिक जांच में इसे संदिग्ध मान रहा है। मामले ने सड़क निर्माण की पारदर्शिता के साथ-साथ खनिज परिवहन और सबलेट व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार बीएसपी ने ब्लॉक-ए खदान क्षेत्र में 28 वर्षों के लिए कार्य संचालन की जिम्मेदारी केसीसीएल को सौंपी है। इसी के तहत केसीसीएल ने 3 अप्रैल को कोटेशन प्रक्रिया के माध्यम से एनसी नाहर को जे-7 से जालटाप तक लगभग 1.8 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्यादेश जारी किया। करीब 4 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत वाली इस सड़क का निर्माण 45 दिनों में पूरा किया जाना था। निर्माण कार्य के दौरान सड़क स्थल के समीप बड़ी मात्रा में रेत का डंप पाया गया।

### हरिभूमि की सूचना पर पहुंची खनिज विभाग की टीम, दो कंपनियों को नोटिस थमाया


एनजीटी प्रतिबंध लागू पर रेत एक्सप्रेस है बेकाबू, सरगीपाल में अवैध डंपिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जानकारी के अनुसार अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम सरगीपाल क्षेत्र में रेलवे रैक निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य में बड़ी मात्रा में रेत का उपयोग किया जा रहा है। 20 जून को देखने को मिला कि लगातार ट्रैक्टर से रेत भैसासालेभाट की नदी से लाकर डंप किया जा रहा था। सुपरवाईजर बोला तो कुछ

भैयासालेभाट नदी से प्रतिबंध के बीच ट्रैक्टर के माध्यम से रेत परिवहन का आरोप

सड़क बनाने वाली कंपनी एनसी नाहर को भी जारी नोटिस

खबर का असर

कार्रवाई का यह है प्रावधान

नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

### ठेकेदार का अमला नहीं दे पाया जवाब

मामले में हरिभूमि ने एनसी नाहर के कर्मचारी दिग्विजय सिंह से फोन के माध्यम से रॉयल्टी और सड़क निर्माण में प्रयुक्त रेत के स्रोत के संबंध में जानकारी चाही गई तो वे कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। उन्होंने कहा कि फोन पर जानकारी देना संभव नहीं है और कार्यालय आकर ही इस विषय में जानकारी देंगे। हालांकि बातचीत के दो दिन बाद भी उन्होंने कोई आधिकारिक जवाब उपलब्ध नहीं कराया। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका कि सड़क निर्माण के लिए पहले से उपयोग की जा चुकी रेत किस खदान अथवा वैध स्रोत से लाई गई थी।

### ठेकेदार व बीएसपी को लिखा गया पत्र

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि ठेकेदार ने जो रायल्टी प्रस्तुत की गई है, वो संदिग्ध है। उससे संबंधित दस्तावेज भी ठेकेदार से माँगने के लिए नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा रावघाट क्षेत्र में निर्माण हो रहे कार्यों को विभागीय क्लियरंस लेने के बाद ही भुगतान करने के संबंध में बीएसपी को पत्र जारी किया गया है।

### सबलेट पर केसीसीएल ने साधा मौन

बीएसपी ने केसीसी एल को 28 साल के लिए एग्रीमेंट किया है, जिसमें तीन वर्षों के लिए निर्माण एवं अन्य कार्यों का जिम्मा केसीसीएल को सौंपा है। हरिभूमि ने केसीसीएल के प्रोजेक्ट हेड श्रीकुमार से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में क्षेत्र से बाहर हैं और जानकारी उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से जानकारी साझा करने की बात भी कही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जवाब प्राप्त नहीं हुआ यानी केसीसीएल प्रबंधन ने इस मामले में मौन साध लिया।

जब इस संबंध में निर्माण एजेंसी से दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई तो केसीसीएल के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उक्त रेत ठेकेदार एनसी नाहर की है और उससे संबंधित सभी दस्तावेज उसी के पास उपलब्ध होंगे। हरिभूमि ने इस मामले की जानकारी खनिज विभाग को दिया। खनिज विभाग ने स्थल का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान डंप रेत का मूल्यांकन कर संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए ठेकेदार एनसी नाहर को नोटिस जारी किया गया। इसके बाद एनसी नाहर की ओर से कर्मचारी दिग्विजय सिंह ने 25 जून को रेत एवं गिट्टी की रॉयल्टी की प्रतिलिपि खनिज विभाग में जमा कराई। हालांकि विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रस्तुत रेत रॉयल्टी में दर्ज विवरण निर्माण स्थल तक रेत के परिवहन अथवा उपयोग से मेल नहीं खाता। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि प्रस्तुत रॉयल्टी संबंधित स्थल की न होकर किसी अन्य स्थान की हो सकती है। यही कारण है कि विभाग इन दस्तावेजों की गहन जांच कर रहा है।

## तीन ने ईसाई धर्म छोड़ा

# देवी-देवताओं की पूजा की और मूलधर्म को अपनाया

- पूजा-अर्चना के बाद ढोल-नगाड़ों की धुन पर किया तीन सदस्यों का स्वागत
- अपना धर्म, अपनी पहचान की आई समझ, भटके सदस्यों ने ली राहत की चैन

हरिभूमि न्यूज. कांकेर/भानुप्रतापपुर। विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत बोंदानार अंतर्गत आश्रित ग्राम हवेचुर गांव के एक परिवार के तीन सदस्यों ने ईसाई धर्म का त्याग कर अपने मूल आदिवासी धर्म में पुनः वापसी की। इस अवसर पर ग्रामवासियों, समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ उनका स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान सामाजिक एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और पारंपरिक आस्था का विशेष संदेश देखने को मिला। हवेचुर गांव में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत समाज के देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना एवं पारंपरिक अनुष्ठानों से हुई। समाज के वरिष्ठजनों ने धार्मिक परंपराओं के अनुसार आवश्यक विधि-विधान संपन्न कराए, जिसके बाद तीनों सदस्यों को पुनः मूल आदिवासी धर्म में शामिल किया गया। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति से उनका सम्मान करते हुए सामाजिक स्वीकार्यता का संदेश दिया। इस दौरान गांव में उत्साह का वातावरण रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम के साक्षी बने। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम ने कहा कि अपनी संस्कृति, समाज, गांव और धर्म से बढ़कर कोई दूसरी पहचान नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की परंपराएं, देवी-देवताओं में आस्था और सांस्कृतिक विरासत हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इन मूल्यों का संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी जड़ों, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी रहें। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारे और एकजुटता बनाए रखने का भी आह्वान किया।

### परंपराओं का संरक्षण जरूरी

ग्रामीणों ने भी इस अवसर को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण क्षण बताया। उनका कहना था कि परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक पूजा-पद्धति को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

इस अवसर पर ग्राम गायता अंतू दर्रो, ग्राम पटेल मानकुर दर्रो, कोलर परगना सचिव राजकुमार वट्टी, सरपंच चमेली दर्रो, पूर्व सरपंच राजेन्द्र ध्रुव, मानकुर दर्रो, देवलाल दर्रो, जेठूराम दर्रो, रैसिंह मरकाम, सुक्खूराम मरकाम, धिरपाल हुपेंडी, महंगू दर्रो, महेश कोमरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक मौका

**कांकेर।** कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2026 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 जुलाई मे आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा सह उप संचालक कृषि कार्यालय कांकेर से निःशुल्क प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में भरकर 31 जुलाई तक जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सहकार से समृद्धि पर कल जिला स्तरीय निबंध स्पर्धा

**कांकेर।** भारत सरकार द्वारा सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक देशभर में सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिले में सहकारिता के प्रति विद्यार्थियों और युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सहकारिता निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 05 जुलाई रविवार को बीआरसी कार्यालय कांकेर में आयोजित होगी। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर एवं जिला सहकारिता विभाग कांकेर द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में सहकारिता के सिद्धांतों, सहकारी संस्थाओं की भूमिका, ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भर भारत और 'सहकार से समृद्धि' जैसे विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को सहकारिता आंदोलन के महत्व, इसके सामाजिक एवं आर्थिक योगदान तथा देश के विकास में इसकी भूमिका को समझने का अवसर मिलेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 5 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 3 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 2 हजार रूपये की पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### मेड़ों में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेश उत्सव



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम मेड़ों स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शासन की योजना के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं नए गणवेश वितरित किए गए। अतिथियों ने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण कर जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच रमशीला कोमरा सहित शाला विकास समिति एवं ग्राम के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित विद्यालय आने तथा अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर निरंतर ध्यान देने और शिक्षकों के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पखांजूर जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

श्री वाप्पी दास पिता श्री सतीश दास उम्र 19 वर्ष निवास ग्राम- पी.व्ही. 02 देवपुर पोस्ट -कापसी, तहसील पखांजूर जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) .......शपथकर्ता

**// शपथ पत्र //**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य निष्ठा पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं :-

1. यह कि मेरा विवरण उपरोक्तानुसार है,
2. यह कि मेरे स्वयं का आधार कार्ड क्र. 232034178613 में मेरा नाम त्रुटीवश हिन्दी में बप्पी व अंग्रेजी में BAPPI दर्ज हो गया है ।
3. यह कि मेरा सही नाम वाप्पी (WAPPI) है जो कि मेरे अन्य दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा 10वीं व कक्षा 12 वीं का अंक सूची में दर्ज हैं।
4. यह कि मेरा आधार कार्ड में त्रुटीपूर्ण नाम बप्पी व अंग्रेजी में BAPPI के स्थान पर सुधार कर सही नाम वाप्पी व अंग्रेजी में WAPPI दर्ज कराना चाहता हुँ ।
5. यह कि मेरा आधार कार्ड क्र. 232034178613 में मेरा पुराना नाम बप्पी व अंग्रेजी में BAPPI को विलोपित कर सही नाम वाप्पी व अंग्रेजी में WAPPI दर्ज कराने हेतु यहा शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है ।

स्थान - पखांजूर शपथकर्ता
दिनांक 01/07/2026 वाप्पी दास

**//सत्यापन//**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य निष्ठा से यह सत्यापित एवं घोषित करता हूं कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक में उल्लेखित समस्त तथ्य मेरी निजी ज्ञान एवं जानकारी में सत्य व सही है। आज दिनांक 01/07/2026 को स्थान पखांजूर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

सत्यापनकर्ता - वाप्पी दास

# मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन व चटिया मिल से लच्छंतीन की संवर रही जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बिहान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जिले के स्व-सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा उनके जीवन को नई दशा और दिशा दी है। भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कराठी निवासी लच्छंतीन बाई दरपट्टी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। तुलसी स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं, जो महिला शक्ति संकुल संगठन कन्हारगांव से जुड़ा हुआ है।

जिला मुख्यालय से लगभग 08 किमी दूर स्थित इस गांव में बिहान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने उनके जीवन की दिशा बदल दी है। लच्छंतीन बाई ने बताया कि समूह से जुड़ने से पहले परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में बहुत परेशानी होती थी तथा परिवार को कठिन समय में आर्थिक मदद नहीं मिल पाती थी। थोड़े से पैसे के लिए उन्हें अक्सर दूसरे लोगों से ब्याज पर ऋण लेना पड़ता था। खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी का अभाव था और स्वयं का व्यवसाय



शुरू करने का सपना केवल सपना ही बनकर रह गया। इस दौरान उन्हें बिहान योजना के बारे में पता चला, वहां 10 दीदी मिलकर एक समूह गठन कर बचत करते हैं और जरूरत के समय वहीं से आसानी से ऋण भी मिल जाती है। गांव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर उन्होंने स्व सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। उन्हें चक्रीय निधि एवं प्रोत्साहन राशि का लाभ मिला है। आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बैंक से 01 लाख 20 हजार रुपये का ऋण भी प्राप्त हुआ। अब मैं बैंक से लेन-देन आसानी से कर रही हू। इस दौरान बिहान के बीपीएम द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों के माध्यम से उन्हें मुद्रा ऋण की जानकारी मिली और बैंक से आवश्यक सहायता प्राप्त हुई। आज मैं चटिया मिल लघु प्रसंस्करण इकाई, मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, कृषि कार्य जैसे विभिन्न आजीविका गतिविधियों का संचालन कर रही हू। इन गतिविधियों से लगभग 12 हजार रुपए प्रतिमाह तथा करीब 01 लाख 45 हजार रूपये वार्षिक आय प्राप्त हो रही है।

## विरोध : न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखने की दी चेतावनी

# नकटी की बेदखली कार्रवाई का विरोध व कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रायपुर के ग्राम नकटी में 85 परिवारों के मकान ध्वस्त किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने कार्रवाई को गरीब विरोधी बताते हुए प्रभावित परिवारों को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर ने पुराना बस स्टैंड में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्राम नकटी के प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग उठाई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि ग्राम नकटी में 85 गरीब परिवारों के मकानों को वर्षाकाल के बीच ध्वस्त कर उन्हें बेघर कर देना बेहद अमानवीय और जनविरोधी कदम है। उनका आरोप था कि बारिश के मौसम में गरीबों के सिर से छत छीन लेना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व जरूरतमंदों को संरक्षण देना है, न कि वर्षों की मेहनत से बनाए गए उनके आशियानों को उजाड़ना। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के हितों की



अनदेखी कर रही है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि प्रभावित परिवारों को न्याय मिलने तक कांग्रेस का आंदोलन लगातार जारी रहेगा और हर स्तर पर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी जाएगी।

आयोजित प्रदर्शन के दौरान जनक नंदन कश्यप, नरेश ठाकुर, हेमंत ध्रुव, उदय प्रकाश शर्मा, सुनील गोस्वामी, मिथलेश सोरी, दीपक शोरी, मतीन खान, तुकेश्वर साहू, रंजन गोस्वामी, खोमेंद्र उइके, कमल नागवंशी, सुरेश नाग, शेष गजबीये, समरेश शोरी, सुरेश राजपूत, प्रतीक मेश्राम, निर्भय राव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हल्बा पुलिस की गिरफ्त में बुर्जुग 21 हजार का गांजा और बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- टिकरापारा चौराहे पर बुजुर्ग से 21 हजार का गांजा बरामद

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस चौकी हल्बा को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग्राम टिकरापारा मेन रोड चौराहे पर घेराबंदी कर 66 वर्षीय बुजुर्ग को गांजा के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 0.420 किलोग्राम गांजा और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 21 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 2 जुलाई को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम अरौद का एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध रूप से गांजा लेकर बिक्री के उद्देश्य से जा रहा है। चौकी हल्बा पुलिस ने टीम के साथ ग्राम टिकरापारा मेन रोड चौराहा पर घेराबंदी की। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार झुमुक पटेल पिता रामभरोस पटेल मोटरसाइकिल




एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 19 बीई 1180 से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास रखे पीले रंग के प्लास्टिक थैले में सफेद झिल्ली के भीतर गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन कराया, जिसमें कुल बरामद सामग्री का वजन 0.530 किलोग्राम पाया गया। इसमें थैले का वजन 0.110 किलोग्राम होने पर शुद्ध गांजा 0.420 किलोग्राम निकला, जिसकी अनुमानित कीमत 21 हजार रुपये बताई गई। गांजा को विधिवत सीलबंद कर जब्त किया गया तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई।

चौकी हल्बा से बिना नंबर अपराध क्रमांक 00/2026 धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत देहाती नालसी तैयार कर थाना नरहरपुर भेजी गई, जहां प्रकरण का विधिवत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

**आज्ञात आरोपियों की तलाश जारी, अपराध कायम**

# शिक्षक के सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी व चांदी की अंगूठी पर हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम मचांदूर में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर नकदी और चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने वारदात को अंजाम देने के बाद घर का सामान भी बिखेर दिया और वाई-फाई कनेक्शन की वायर काटकर अपने सुराग मिटाने की कोशिश की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम मचांदूर में बंद पड़े एक मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और नकदी सहित चांदी की अंगूठी चोरी कर फरार हो गए। घटना का



खुलासा तब हुआ, जब मकान मालिक कई दिनों बाद गांव लौटे। पुलिस के अनुसार ग्राम मचांदूर निवासी प्रतीक तारम जो शिक्षा विभाग में वर्ग-3 शिक्षक के रूप में नारायणपुर जिले के प्राथमिक शाला नवमुचमेडा में पदस्थ हैं, ने चारामा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 15 जून 2026 को वे अपने परिवार सहित नारायणपुर चले गए थे, जिसके कारण उनका पैतृक मकान बंद था। इसी दौरान 28 जून की रात करीब 1 बजे अज्ञात चोरों ने मकान का मुख्य ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने घर में रखी दो आलमारियों के लॉकर तोड़ दिए और उनमें रखे 20 हजार रुपये नकद तथा करीब 6 हजार रुपये मूल्य की चांदी की एक अंगूठी चोरी कर ली। वारदात के दौरान चोरों ने पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। इतना ही नहीं, मकान में लगे वाई-फाई कनेक्शन की वायर भी काट दी, जिससे घटना के दौरान किसी प्रकार की निगरानी या सूचना मिलने की संभावना समाप्त हो गई। शिकायकतकर्ता ने पुलिस को बताया कि परिवार के सभी सदस्य शासकीय सेवा में होने के कारण बाहर रहते हैं और गांव में कभी-कभार ही आना होता है। 3 जुलाई को जब वे घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर चोरी की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। चारामा पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (ए) एवं 331 (4)के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# नियमितीकरण के लिए सीएम के नाम पर कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ कोटवार संघ ने शुक्रवार को दुर्गुकोंदल के साप्ताहिक बाजार स्थित दुर्गा मंच में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंपते हुए वर्षों से लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

संघ अध्यक्ष बंशीलाल दरों ने बताया कि प्रदेश के कोटवार लंबे समय से अपनी ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल से कोटवार शासन और आम जनता की सेवा करते आ रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें आज तक



नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। वर्तमान पारिश्रमिक महंगाई के अनुरूप बेहद कम है। ज्ञापन में कोटवारों का राजस्व विभाग में संविलियन कर नियमित कर्मचारी का दर्जा देने तथा पारिश्रमिक बढ़ाकर ए श्रेणी के लिए 15 हजार, बी श्रेणी के लिए 12 हजार, सी श्रेणी के लिए 10 हजार और डी श्रेणी के लिए 8 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित करने की मांग की गई। इसके साथ ही सेवानिवृत्त अथवा दिवंगत कोटवार के पात्र परिजनों को नियुक्ति में प्राथमिकता देने, नियमों के विपरीत हुई नियुक्तियों की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई। संघ ने कोटवारों से मूल दायित्वों के अतिरिक्त अन्य कार्य कराए जाने पर रोक लगाने, बिना उचित जांच एवं पक्ष सुने निलंबन या पदमुक्ति की कार्रवाई नहीं करने तथा नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्रों में कोटवारों की नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की भी मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी एवं कोटवार उपस्थित रहे।

# प्रवेशोत्सव में बच्चों का किया स्वागत और सेवानिवृत्त शिक्षक को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, दुधावा में शाला प्रवेश उत्सव उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इसी अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक गौतम कुमार साहू के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन कर उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया।

शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुधावा में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में नए शिक्षा सत्र का स्वागत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशी विद्यार्थियों के तिलक एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत से हुई। अतिथियों एवं शिक्षकों ने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का महत्व बताते हुए पूरे मनोयोग से अध्ययन करने तथा अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य गोवर्धन रामटेके, सरपंच आकाश नेताम, उपसरपंच निरंजन गंजीर, बीके मरकाम, नंदलाल मंडावी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और यही उज्ज्वल भविष्य का आधार बनती है। शाला प्रवेश उत्सव के उपरांत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक गौतम कुमार साहू के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके लंबे शैक्षणिक जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित ग्रामवासियों, विद्यालय परिवार एवं श्री साहू के परिजनों ने उनके सरल व्यक्तित्व, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। शिक्षा, संस्कार और सम्मान के संदेश से ओतप्रोत यह कार्यक्रम आभार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ।



### प्रवेशोत्सव में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा में सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विकास राजू नायक, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष बीरेंद्र देहारी, ग्राम गायता पुनऊ राम दुग्गा, प्राचार्य हेमलता वाडिवा एवं अन्य अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्प एवं मिठाई से आत्मीय स्वागत किया गया।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रायपुर में बुलडोजर कार्रवाई की निंदा



**अंतागढ़।** रायपुर के नकटी गांव में विधायक कॉलोनी निर्माण के लिए की गई बुलडोजर कार्रवाई की कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री विश्राम गावड़े ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान 80 से अधिक गरीब परिवारों को बिना पुनर्वास के बेघर करना अमानवीय है। उन्होने आरोप लगाया कि जिन परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला, उन्हीं के मकानों को अवैध बताकर तोड़ा गया। उन्होंने प्रभावित परिवारों के सम्मानजनक पुनर्वास, उचित मुआवजा, आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

### बेदखली के विरोध में आज पुतला दहन

**दुर्गुकोंदल।** नया रायपुर के नकटी गांव में हुई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल 4 जुलाई को दोपहर 2 बजे बस स्टैंड में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करेगी। ब्लॉक अध्यक्ष धनेश नरेटी और जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से प्रभावित परिवारों को न्याय, पुनर्वास और राहत देने की मांग की जाएगी।

### नई पदस्थापना तक प्रशासनिक कार्यों होंगे प्रभावित

# शिक्षा मंत्री की घुड़की पर शिक्षक लौटे मूल स्थान पर, शिक्षा व्यवस्था बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेरा

- कांकेर के बीआरसी कार्यालयों में नेतृत्व का संकट

स्कूल शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद संलग्न शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर भेजने की कार्रवाई ने कांकेर जिले की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक बदलाव ला दिया है। जिले के सातों विकासखंडों के ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) अब नियमित प्रभारी के बिना हो गए हैं, वहीं समग्र शिक्षा कार्यालय के तीन सहायक परियोजना समन्वयकों (एपीसी) की भी मूल पदस्थापना पर वापसी से विभागीय कार्यों की गति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। नई पदस्थापना होने तक कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों के प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को जगदलपुर में आयोजित बस्तर संभाग की समीक्षा बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि विभागों में संलग्न सभी शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को तत्काल उनके मूल पदस्थापना स्थल पर भेजा जाए। मंत्री के निर्देश के पालन में स्थानीय स्तर पर आदेश जारी कर संलग्न शिक्षकों को रिलीव कर दिया गया और उन्हें मूल विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई के बाद कांकेर जिले के सभी सात विकासखंडों के बीआरसी कार्यालयों में पद रिक्त हो गए हैं। अब इन कार्यालयों का संचालन जब तक आदेश नहीं आता है, तब हो पाना संभव नही दिखता है। बीआरसी कार्यालयों के माध्यम से शिक्षकों के प्रशिक्षण, शैक्षणिक मॉनिटरिंग, योजनाओं के क्रियान्वयन, निरीक्षण और विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण कार्य संचालित होते हैं। इसी प्रकार समग्र शिक्षा कार्यालय में कार्यरत तीनों एपीसी भी संलग्नता समाप्त होने के बाद अपने मूल पदस्थापना स्थल पर लौटने का आदेश जारी हो चुका है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, समग्र शिक्षा के अधिकांश फील्ड कार्य, मॉनिटरिंग और योजनाओं के क्रियान्वयन में एपीसी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इनके रिलीव होने से कई योजनाओं के संचालन पर भी असर पड़ सकता है।




### रिक्त पदों की जानकारी विभाग को भेजी गई

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रिक्त पदों की जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग को भेज दी गई है। अब नई पदस्थापना का निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा। हालांकि यह स्पष्ट माना जा रहा है कि इन पदों पर योग्य एवं निर्धारित पात्रता वाले शिक्षकों की ही नियुक्ति की जाएगी, तब तक जिले में बीआरसी और समग्र शिक्षा कार्यालयों की कार्यप्रणाली पूरी तरह से ठप पड़ जाएगी।

### संलग्न को मूल स्थान के लिए किया रिलीव

मूल स्थान में भेजे गए अधिकारी व कर्मचारियों में समग्र शिक्षा में संलग्न एपीसी समग्र शिक्षा के तहत एपीसी दिनेश कुमार नाग व्याख्याता हिंदी एपीसी शा. हाईस्कूल बोगर विकासखंड भानुप्रतापपुर, पंकज श्रीवास्तव व्याख्याता इतिहास शा. हाइस्कूल झिटकाटोला दुर्गुकोंदल, ज्ञानेश बंधु आर्य व्याख्याता इतिहास शाउमावि सिदेसर को 1 जुलाई को, बीआरसी कांकेर खुशाल सिंह गजबिए को प्रधानाध्यापक शा. कन्या पूर्व माध्य. शाला जनकपुर वार्ड कांकेर, बीआरसी नरहरपुर भूपेंद्र कुमार गंगबेर को प्रधानाध्यापक शा. पूर्व मा. शाला भैंसमुंडी (गागरू), बीआरसी कोयलीबेड़ाविप्लव बैनजी को प्रधानाध्यापक शा. पूर्व माध्य. शाला पीव्ही 31, बीआरसी अंतागढ़ कृष्ण कुमार नाग को प्रधानाध्यापक शा. पूर्व माध्य. शाला भैंसासुर, बीआरसी भानुप्रतापपुरराधेलाल नुरेटी को प्रधानाध्यापक शा. पूर्व माध्य. शाला बोटेचांग, बीआरसी दुर्गूकोंदल लतीफ सोम को प्रधानाध्यापक शा. पूर्व माध्य. शाला कोण्डे, जिला साक्षरता अंतर्गत जिले में पदस्थ एवं संल्गन सहायक परियोजना अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर को व्याख्याता शाउमावि पटौद, जिला शिक्षा कार्यालय में संलग्न लक्ष्मण कावड़े को व्याख्याता शाउमावि पीढ़ापाल, जिला शिक्षा कार्यालय में संलग्न अंजली रामटेके को कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कांकेर, वीणा नेताम को शा. हाईस्कूल अनूपपूर पीव्ही 127, धर्मेंद्र साहू को शाउमावि कापसी और कमलेश एक्का को शाउमावि सिंगारभाट के लिए रिलीव कर दिया गया है।

# मर्रामपानी में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय हाई स्कूल मर्रामपानी में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही नियमित अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संकल्प दिलाया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने पालकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई कर जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एवं सरपंच तुलसीराम मातलाम ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण अभियान है। वहीं सरपंच राम गावड़े ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और नियमित अध्ययन को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य गोस्वामी ने अतिथियों, पालकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों के जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR-D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# हरनगढ़ विद्यालय के टूटे टिनशेड एवं सीढ़ियों का 2 साल बाद मरम्मत नहीं

**पखांजूर।** शासकीय मिडिल स्कूल हरनगढ़ में विद्यार्थियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। दो वर्ष पहले आए आंधी-तूफान में विद्यालय की दो मंजिला इमारत की सीढ़ी पर लगी टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन आज तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। बारिश शुरू होते ही फिसलनभरी सीढ़ियों से होकर बच्चों को रोजाना ऊपर-नीचे आना-जाना पड़ रहा है। ऐसे में अभिभावकों और ग्रामीणों को किसी बड़े हादसे की आशंका सताने लगी है। जानकारी के अनुसार दो वर्ष पूर्व आए तेज आंधी-तूफान के दौरान विद्यालय भवन की दो मंजिला सीढ़ी पर लगी टीन शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन ने इसकी जानकारी संबंधित विभागों को दी और मरम्मत कराने की मांग की। इसके बावजूद आज तक न तो क्षतिग्रस्त शेड हटाई गई और न ही नई शेड का निर्माण कराया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शाला विकास समिति के सदस्यों का कहना है कि पिछले दो वर्षों में कई बार एसडीएम, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सहित अन्य अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। बारिश के मौसम में सीढ़ियों पर पानी जमा होने और फिसलन बढ़ने से खतरा और बढ़ गया है। प्रतिदिन दर्जनों छात्र-छात्राओं को इन्हीं सीढ़ियों का उपयोग करना पड़ता है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि यदि कोई बच्चा फिसलकर गिर जाता है तो गंभीर दुर्घटना हो सकती है।



### ग्रामीणों व पालकों ने सुधार की माँग की

ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षतिग्रस्त सीढ़ी शेड की तत्काल मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में होने वाली किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। विद्यालय प्रबंधन ने भी शासन-प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की है।

